# भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में भरतपुर में 'मन की बात' का लाइव प्रसारण

**भरतपुर** (निस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के 122वें संस्करण में पूरे देश को सम्बोधित किया। 'मन की बात' के 122वां एपिसोड का लाइव दर्शन हेतु पूरे देश से 19 राज्यों में एक-एक स्थान को चुना गया जिसमें राजस्थान के भरतपुर जिले के शहर मण्डल भरतपुर को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले 'मन की बात' का लाइव प्रसारण भाजपा शहर मण्डल कार्यालय चौधरी मैरिज होम हीरादस भरतपुर पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के पिता किशन स्वरूप रहे, विशिष्ट अतिथियों में संभाग प्रभारी हेमराज मीणा एवं पूर्व सांसद रंजीता कोली थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड के

- **देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना है। ऑपरेशन सिन्दूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि यह बदलते भारत की तस्वीर है**

माध्यम से समस्त भारतवासियों से रूबारूब हुए। इस महत्वपूर्ण एपिसोड में उन्होंने न केवल सामाजिक, आर्थिक और सैन्य मुद्दों पर चर्चा की, बल्कि विकास के सम्बन्धित अनेकानेक महत्वपूर्ण विशयों पर सटीकता और स्पश्टता से अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता का बखान करते हुए कहा कि भारतीय सेनाओं के अदम्य साहस और पराक्रम ने प्रत्येक हिन्दुस्तानी का सिर ऊंचा किया है। देश के हर नागरिक ने संकल्प लिया है कि आतंकवाद को खत्म करना है। ऑपरेशन सिन्दूर सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि यह बदलते भारत की तस्वीर है, हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया यह उनका अदम्य साहस था इसमें सबसे बडी बात यह कि उसमें शामिल थी भारत में बने हथियारों, उपकरणों और तकनीकी ताकत, इसमें उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की बात कही, सेना के मनोबल को प्रबल करने के लिए देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। भारतवासी ऑपरेशन सिन्दूर के प्रति इतने भावुक हो गए कि उन्होंने इस दरमियान जन्मे बच्चों का नाम ही सिन्दूर रख दिया। मोदी ने स्वदेशी भावना को जागृत करने के लिए देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने की अपील की। माओवाद को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयत्नों की सफलता को कारगर बताया। प्रधानमंत्री ने गुजरात के गिर में शेरों की संख्या में वृद्धि का जिक्र करते हुए कहा कि जब समाज में ऑनरशिप का भाव मजबूत होता है तो शानदार नतीजे सामने आते हैं। वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन में महिलाओं की सहभागिता का जिक्र करते हुए कहा कि गुजरात देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है जहां ऑफिसर पद पर महिलाओं की तैनाती की गयी है। मोदी ने नॉर्थ ईस्ट इंडिया के सामर्थ्य की कुशलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्राफ्टेडफाइबर्स एक ब्राण्ड नहीं है, बल्कि सिक्किम की परंपरागत बुनाई की कला है जो आज के फैशन की सोच है।

कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता शैलेष कौशिक, गोवर्धन सिंह जादौन, सतेन्द्र गोयल, मनोज भारद्वाज, गिरधारी गुप्ता, रज्जन सिंह, मोहन रारह, मनोज खण्डेलवाल, बृजेश अग्रवाल, गोविन्द चौधरी, डॉ. प्रेमसिंहकुन्तल, रूपेन्द्र जघीना, अमर सिंह, सुनील प्रधान, अनामिका चौधरी, डॉ. वीरेन्द्र पचौरी, अनिल अनाह, कुशलपाल राजावत, संजीव शर्मा, अनिल गोयल, आशीष खण्डेलवाल, सुन्दर सिंह, दिनेश लवानियां, प्रो. जग्गो सिंह, अमर सिंह राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### बैठक आयोजित हुई

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के तिलक नगर स्थित जिलाध्यक्ष बाबूलाल कटारा के निज निवास पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रान्तीय सह संगठन मंत्री घनश्याम के मार्गदर्शन में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई जिसमें संगठन के प्रांतीय संगठन मंत्री घनश्याम ने ग्राहक पंचायत की ओर से आम ग्राहक को राहत प्रदान करने के लिए, वार्डवाइज ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बताया कि ग्राहक पंचायत का उद्देश्य ग्राहकों को अधिक से अधिक संख्या में जागरूक करना है इसलिए हमें ऐसी पहल करनी चाहिए जिससे हम ग्राहकों में जागृति पैदा कर सके। ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ता एडवोकेट शुभनेश पाराशर ने बताया कि हमें जिले की विद्युत, शिक्षा, चिकित्सा, बैंकिंग, आदि विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर संगठन की ओर से कार्यवाही करनी चाहिए। स्थानीय तिलक नगर निवासी शिक्षाविद हरीश मुद्गल ने बताया कि किसानों की फसल के लिए सरकारी लैब नहीं होने से किसानों के साथ धोखाधडी होती है ग्राहक पंचायत को ऐसे संवेदनशील विषयों पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि ग्राहक जब सामान लेने जाता है तो इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ छेडछाड करके दुकानदार भी ग्राहक के साथ बेईमानी करता है इन मुद्दों पर विभाग को संज्ञान लेना चाहिए और समय-समय पर इसकी जांच की जानी चाहिए। बैठक में आगामी समीक्षा मासिक बैठक 08 जून को बृज नगर भरतपुर स्थित एडवोकेट शुभनेश पाराशर भरतपुर स्थित निज निवास पर आयोजित करने का निर्णय लिया। संगठन के सक्रिय सदस्य पवन पाराशर ने संगठन को गति प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर बैठक में ग्राहक पंचायत की सक्रिय सदस्य राजकुमारी शर्मा, यज्ञ शर्मा, जिलाध्यक्ष बाबूलाल कटारा, कैप्टन प्रेमसिंह, शिक्षाविद बृजेश हाड़ौली, फ्यूचर पॉइंट एकेडमी के निदेशक पवन, प्रमुख व्यवसायी सुरेश शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गूंजे भारत माता के जयकारे

**करौली** (निंस.) रविवार को प्रात: 9:00 बजे से भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनिवास मीना के नेतृत्व में उप तहसील मुख्यालय करनपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश के वीर जवानों के पराक्रम शौर्य के सम्मान में करणपुर के प्रमुख बाजारों से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमे भारत माता कि जय,वीर शहीद अमर रहे के नारे गुजायमान रहे इस दौरान करणपुर मण्डल के समस्त भाजपा कार्यकर्ता,मण्डल अध्यक्ष रामनिवास मीना ,पूर्व मंडल अध्यक्ष रूप चंद मित्तल,कृष्णा नंद जंगम,विजेंद्र सिंह राजपूत, ओमप्रकाश गुप्ता,घनश्याम गौड आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### पुलिस की गाडी को मारी टक्कर

**भरतपुर** (निस)। हलैना थाना क्षेत्र के मौरोली पुल के पास एक हादसा हुआ, जिसमें अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन गनीमत रही कि किसी को भी चोट नहीं आई। ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया.यह घटना तडके सुबह की है और वैर थाना पुलिस की गाडी इस हादसे का शिकार हुई। एसपी जय नारायण ने बताया कि यह हादसा कैसे हुआ अभी इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### चोरों ने छत के रास्ते मकान में घुस की चोरी

**गंगापुर सिटी**। कोतवाली थाना क्षेत्र में देवी स्टोर चौराहे के पास एक मकान में चोरो ने नगर परिषद की पार्किंग का सहारा लेकर छत के रास्ते मकान में घुस कर लाखो रूपए के जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने बताया कि चोरों ने अलमारी से चांदी के जेवरात और 2० हजार रुपए नकद चुरा लिए। पीडित गजानंद गोयल ने बताया कि रात 9 बजे परिवार के सभी सदस्य कमरे में सो रहे थे। बाहर वाले कमरे का ताला लगा हुआ था। चोरों ने पार्किंग में अंधेरे का फायदा उठाया। ऊपर वाले कमरे का ताला तोडकर अंदर घुसे। अलमारी से चांदी की 1० चुटकी, चार जोडी पायजेब, 5 सिक्के और नकदी चुरा ली। सुबह 6 बजे परिवार के लोग जागे तो कमरे की कुंडी टूटी मिली। गेट खुले थे और अलमारी का सामान बिखरा पडा था। पीडित ने सूचना दी।

## शिविर का शुभारम्भ

**हिंडौन सिटी**। भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा महिलाओं एवम् बच्चियों में उनकी रुचि अनुसार विभिन्न विधाओं में कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण देने हेतु स्थानीय मोहन नगर स्थित निर्मल विद्यालय में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में प्रशिक्षितों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल ने बताया कि शिविर को भारत माता एवम् स्वामी विवेकानन्द जी के चित्रपट पर माल्यार्पण एवम् दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगीत से विधिवत् आरम्भ किया, तत्पश्चात् मुख्य अतिथि प्रशान्त चौधरी, श्रीमती सुलोचना चौधरी, प्रांतीय भारत को जानों प्रभारी पंकज जैन, शाखा समन्वयक सुबोध जैन का स्वागत किया करते हुए सभी प्रशिक्षकों का परिचय कराया।

अभिरुचि शिविर प्रकल्प प्रभारी पूनम जैन ने बताया कि महिला सहभागिता संयोजिका वन्दना शर्मा सहित परिषद् की समस्त मातृशक्ति के सामूहिक सहयोग से आज आरम्भ किया अभिरुचि शिविर आगामी 3 जून तक लगाया जाएगा। शिविर में पंजीयन कराने वाले सभी प्रतिभागियों को नृत्य,

- **कौशल विकास के लिए दिया जा रहा है प्रशिक्षण**

मेंहदी, ढ्रोलक, सिलाई, कर्शि्व राइटिंग, इंग्लिश स्पीकिंग, ड्राइंग, पार्लर आदि विधाओं में कौशल विकास हेतु प्रशिक्षितों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। शाखा सहसंपर्क प्रमुख श्वेता जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

भारत विकास परिषद् शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा आयोजित ठीष्मकालीन अभिरुचि शिविर में विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण लेकर कौशल विकास के लिए प्रतिभागियों बनने के लिए पंजीयन किए जा रहे हैं, परिषद् ने लोगों को शिविर में अधिकाधिक पंजीयन कराने को आव्हान किया है।

शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि उदघाट्न कार्यक्रम में पूजा सिंघल, सपना जैतवाल, सुषमा गर्ग, डॉ आशा गर्ग, आरती बिंदल, माया गोयल, सुधा गोयल, मंजू गुप्ता, गरिमा गुप्ता, पूजा गुप्ता, डॉ सुरेश गर्ग, अशोक गर्ग, ओमप्रकाश गुप्ता (ढिंढोरा), मोहित मित्तल आदि सदस्य सम्मिलित हुए।

## शिकायतकर्ता को मिल रही है धमकियां

**करौली**। करौली जिला मुख्यालय के निकट झीलकाहार निवासी रवि शंकर सैनी को बिजली चोरी की शिकायत करना महंगा पडता दिख रहा है जिसको बिजली चोरी के आरोपियों की तरफ से तरह-तरह की धमकियां मिल रही है।

झीलकाहार निवासी रवि शंकर ने बताया कि उसके द्वारा उसकी जमीन में खडे विद्युत पोल से कुछ लोग विद्युत चोरी कर रहे हैं जिसकी उसने विद्युत निगम के अधिकारियों को कई बार शिकायत की लेकिन विद्युत निगम के अधिकारियों ने उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की शिकायत से प्रताड़ित होकर शिकायतकर्ता को ही धमकियां मिलना शुरू हो गया जिसको लेकर शिकायतकर्ता सैनी ने पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों से लिखित में मामले की जानकारी देते हुए अपनी जान माल की सुरक्षा मांगी है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आए दिन उल्टे सीधे मुकदमा लगाने और मारपीट करने की धमकियां दी जा रही है जिससे शिकायतकर्ता भयभीत है और शिकायतकर्ता का कहना है।

## कांग्रेस मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा

**करौली**। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा तीन विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों की घोषणा की घोषणा की गई है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष 'ािवराज मीणा ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा टोडाभीम,करौली और सपोटरा विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत विभिन्न ब्लॉकों एवं मंडलों में कांग्रेस मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

यह नियुक्तियाँ संगठन को ओर अधिक मजबूत करने तथा जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ को सदृढ़ करने हेतु की गई हैं। जिला कांठोस कमेटी करौली के अध्यक्ष शिवराज मीना ने सभी नव-नियुक्त मंडल अध्यक्षों को बधाई दी है तथा निर्देशित किया है।

कि वे शीघ्र ही अपनी-अपनी कार्यकारिणी का गठन करें जिससे संगठनात्मक गतिविधियाँ सुचारु रूप से संचालित हो सकें। उन्होने बताया कि विधानसभा टोडाभीम कैमरी मे शेरसिंह गुर्जर, नदौती लक्ष्मण सिंह, कैमला हरकेश मीणा, गढ़खेड़ा बनवारी लाल मीणा, . गुढ़ाचंद्रजी जगन्नाथ सैनी, शेखपुरा अशोक कुमार मीणा,नागल शेरपुर अजय सिंह गुर्जर, करीरी खेमराज मीणा, पदमपुरा उदयसिंह मीणा, पाड़ला छुट्टन लाल बैरवा,महस्वा रामनिवास मीना को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है इसी प्रकार विधानसभा करौली में मासलपुर गेट रोहित गुप्ता, बग्गीखाना विनोद, शिकारगंज महेश कुमार जाटव, सीताबाड़ी विश्वेंद्र सिंह, मैगजीन चरणलाल, खीपकापुरा अमृतसिंह, 7. कटकड़ देवीसिंह मीना, कोंडर बाबूलाल रतियापूरा सूरज मीना, मासलपुर हरिलाल परिता काडू को एवं विधानसभा सपोटरा के इनायती सद्दाम हुसैन खान, हाड़ौती नरेश मीणा, नरौली डांग पुखराज सपोटरा राजेश शर्मा, कुडगांव बजरंग सैनी, करणपुर हरकेश मीना,लांगरा गंगाराम मीना, रोधई रामराज सैनी, कैलादेवी मलखान मीना,मंडरायल दीपक कुमार शर्मा, कोटा महोली समय सिंह गुर्जर को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने रखा अपना पक्ष

**गंगापुर सिटी**। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के चिर परिचित कार्यक्रम मन की बात का 122 वां संस्करण का प्रसारण संपूर्ण देश में विभिन्न माध्यम से किया गया। भाजपा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र के शहर मंडल एवं ग्रामीण मण्डल गंगापुर सिटी में भाजपा शक्ति केन्द्रों पर समस्त बूथों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपूर्ण शहर में विभिन्न जगहों पर मन की बात कार्यक्रम का सुना गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों द्वारा दिखाए गए पराक्रम की सराहना करते हुए इसे हर भारतीयों को गौरवान्वित करने वाला बताया। उन्होंने कई दिलचस्प विषयों पर जानकारी साझा करते हुए महाराष्ट्र के गांव जहां पहली बार बस पहुंची है, शेरों की बढती आबादी, सिक्किम की पारंपरिक बुनाई और ड्रोन दीदी की चर्चा की।

## प्रजापति समाज ने सामूहिक विवाह पर जताई सहमति

**सूरौठ**। प्रगतिशील प्रजापति संस्थान हिंडौन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन सूरौठ में किया गया, श्रीयादे माता के चित्र पट पर दीप प्रज्जवलित कर शुरू हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता-श्रीलाल प्रजापति (पूर्व नायब तसिलदार)ने की बैठक में संस्थान सदस्यों ने निम्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आगामी रूपरेखा तैयार की-हाल ही जारी बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को उनके निवास पर पहुंचकर विद्यार्थियों - अभिभावकों का सम्मान किया जाएगा।कैरियर मार्गदर्शन हेतु एक्सपर्ट्स के ऑनलाइन सेमिनार आयोजित कराए जाएंगे।

गांव गांव ढाणी ढाणी पहुंचकर कुरीतियों के उन्मूलन हेतु प्रेरित किया जाएगा ताकि समाजबंधु बच्चो की

- **बैठक में संस्थान सदस्यों ने कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कि**

शिक्षा पर पूरा फोकस कर सकें,नशाखोरी में लिप्त परिवारों से संपर्क कर उन्हे आवश्यक काउंसलिंग एवम मेडिकल गाइडेंस उपलब्ध कराया जावेगा।

अनावश्यक खर्चों और दिनोदिन मंहगी होती शादियों से समाज कर्जा तले दवा जा रहा है इससे निजात पाने हेतु संस्थान ने शीघ्र ही सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया,जिससे संबंधी तिथि एवम स्थान की घोषणा पदाधिकारियों द्वारा जल्द ही की जावेगी।।

छात्रावास हिंडौन की चारदीवारी कराने एवं भूमि का 90 पट्टा हासिल करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने,पूर्व में जन प्रतिनिधियों द्वारा की गई घोषणा के संबंध में उनसे संपर्क करने हेतु एक उपसमिति बनाने पर विचार किया गया।।

इस दौरान संस्थान के रमेश प्रजापति (संरक्षक) हिंडौन,श्रीलाल नायब तहसीलदार, पृथ्वी पटेल सूरौठ,रामगोपाल नेताजी,महेंद्र खेडिया हेमराज प्रजापति, सुभाष प्रजापति, भूपेंद्र सूरौठ, राधेश्याम आडतिया , चरणसिंह हिंडौन, राकेश हिंडौन,उमेदीलाल कोषाध्यक्ष हिंडौन, बाबूलाल अध्यापक बबनपुरा राम सिंह प्रजापति, पप्पू लाल प्रजापति, बाबूलाल शेरपुर, प्रहलाद प्रजापति बबनपुरा आदि समाजबंधु उपस्थित हुए।

## विधायक डॉ. गर्ग का स्वागत किया

**भरतपुर** (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग को राष्ट्रीय लोक दल का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने पर उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। रविवार को सुबह से ही रणजीत नगर कार्यालय पर डॉ. गर्ग को शुभकामनाएं व बधाई देने आने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। भरतपुर विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के लोगों ने रणजीत नगर कार्यालय पहुंचकर उनका माला, साफा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस दौरान डॉ. गर्ग ने सभी से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि है पार्टी के शीर्ष नेतृत्व जयंत चौधरी के विश्वास पर वह खरा उतरने का पूरी तरह से प्रयास करेंगे। पार्टी को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए वह निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

## जिला विकास प्रबंधक ( नाबार्ड ), करौली कार्यालय का उद्घाटन

**करौली**। कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में करौली के अठाणी जिला प्रबंधक विजय कुमार पाल द्वारा किया गया। उन्होंने जिले में बैंकिंग के परिदृश्य और नाबार्ड की भूमिका की जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक,राजस्थान ग्रामीण बैंक,अनुजा निगम, वित्तीय साक्षरता केंद्र, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, ऐन जी ओ, एवं अन्य जिला स्तर के विभागों और बैंक अधिकारियों द्वारा सहभागिता की गयी। नाबार्ड डीडीएम मयंक कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत किया और नाबार्ड की यात्रा, जिले में डीडीएम की भूमिका और जिम्मेदारी की जानकारी दी। विभिन्न विभागों के अधिकारीयों ने जिले में चलायी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और नाबार्ड द्वारा प्रदान किये गए सहयोग के बारे में अपने अनुभव साझा करते हुए जिले में नाबार्ड से आकांक्षाएं व्यक्त की। शर्मा द्वारा जिले में नाबार्ड द्वारा चलाये जा रही परियोजनाओं की जानकारी दी गयी जिनमें आर.आई.डी.एफ. के अंतर्गत ग्रामीण सड़कें और पुल का निर्माण, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के लिए दी जाने वाली ट्रेनिंग,जल और मृदा संरक्षण के लिए वाटर'ोड परियोजना आदि शामिल हैं। उन्होंने सभी विभागों से जिले में ग्रामीण समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की और कहा कि समावेशी विकास और सतत विकास के माध्यम से करौली को सशक्त बनाने के लिए नाबार्ड प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## राष्ट्र निर्माण मे ब्राह्मणों का योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा एवं विप्र फाउंडेशन भरतपुर के संयुक्त तत्वाधान मे राष्ट्र निर्माण मे ब्राह्मणो का योगदान विषय पर श्री ब्राह्मण धर्मशाला पर संगोष्ठी का आयोजन पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के सानिध्य मे हुआ। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अनिल भारद्वाज मे बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के ब्रज प्रांत के अध्यक्ष बिहारी लाल वशिष्ठ रहे। मुख्य वक्ता ब्रज भूमि कल्याण परिषद के संस्थापक अध्यक्ष रामकृष्ण गौस्वामी रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन भरतपुर के जिलाध्यक्ष डॉ.

- **हिन्दु धर्म के लिए ब्राह्मण समाज गौ गीता और गायत्री पर पुनः लौटना होगा।**
- **हिन्दु धर्म को यदि ध्वस्त करना है।**

सुशील पाराशर ने की विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश तिवारी रहे।

कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथियों ने ब्राह्मण समाज के गौरव शाली इतिहास के विषय मे विस्तार से बताते हुए समाज को राष्ट्रवाद के लिए सभी समाजो को साथ लेकर चलने का आवाहन किया। हिन्दु धर्म के लिए ब्राह्मण समाज गौ गीता और गायत्री पर पुन: लौटना होगा। विदेशी ताकतों द्वारा समाज को बदनाम करने का एक सुनीयोजित साजिश चल रही हिन्दु धर्म को यदि ध्वस्त करना है। ब्राह्मणो को पतित प्रसारित करे। क्योंकि ब्राह्मण हि कर्म कांड पुजा पाठ के माध्यम से समस्त हिन्दु धर्म को एक धागे मे पिरोहे हुए है।

संगोष्ठी मे जार के जिला अध्यक्ष बनने पर रविमोहन शर्मा एवं लोक अभियोजक बनने पर एडवोकेट ऋषिपाल तिवारी का अंगवस्त्र साफा एवं प्रतिक चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया। अनिल भारद्वाज ने संगोष्ठी मे सनातन बोर्ड बनाने एवं सभी मंदिरो को इसके अधीन करने की बात कही । कार्यक्रम का संचालन महासभा के जिला महामंत्री पवन शर्मा ने किया

संगोष्ठी मे प्रमुख रूप से टेक्नोलॉजी पार्क के निदेशक डॉ. अलोक शर्मा विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, ब्राह्मण सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष कोशलेश शर्मा, हरिओम गौतम,विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेश अध्यक्ष इन्दुशेखर शर्मा, उपाध्यक्ष हेमंत उपमन ,महामंत्री देवाशीष भारद्वाज, समता आंदोलन के जिला अध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, ओम प्रकाश शर्मा, केशवदेव शर्मा, राहुल शर्मा मालीपुरा , कृष्णा कटारा, गौरव तिवारी, कोमल शर्मा, मदनमोहन शर्मा , बलबीर शर्मा, ब्रजेश सिकरोदा, आदि सैकड़ो की संख्या मे लोग मौजूद रहे।

## अग्रवाल समाज ने प्याऊ का शुभारम्भ

**गंगापुर सिटी**। अग्रवाल समाज सेवा समिति मिर्जापुर ने राहगीरों की सुविधा के लिए ईदगाह मोड पर जल मंदिर की स्थापना की है। समाजसेवी दामोदर अग्रवाल कुनकटा और भागीरथ गुप्ता रेंजर ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। सेवा प्रकल्प के संयोजक लक्ष्मण गुप्ता ने कहा कि समाज की परंपरा में सेवा का विशेष महत्व है। गर्मी के मौसम में प्याऊ लगाना इसी परंपरा का हिस्सा है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष लक्ष्मी कुमार अग्रवाल, महामंत्री सुनील कुमार अग्रवाल और ओमप्रकाश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मनोहर लाल पत्रकार, बनवारी लाल गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष चंद्रभान, मनोज गुप्ता और राजेंद्र गुप्ता एएओ ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है।

## सार-समाचार

### महाप्रसादी का आयोजन

**हिंडौन सिटी**। समीपवर्ती जगदीश धाम में रविवार को दिनभर धार्मिल आयोजन हुए। अमावस्या की पूर्व संध्या पर भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी वहीं जगदीश भगवान की दण्डवत परिक्रमा देने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान की दण्डवत परिक्रमा कर मनौती मांगी। सोमवार को अमावस्या पर अटका प्रसादी करने वाले बड़ी धमाड़ी निवासी सूबेदार विक्रम सिंह, सूबेदार लज्जाराम खेड़ला, डिप्टी एसपी परमाल सिंह होदाहेली, हरिओम भूर सिंह आँधियाखेड़ा के द्वारा अटका महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। रविवार को भगवान जगदीश जी को बड़ी धमाड़ी निवासी सूबेदार विक्रम सिंह, शेर सिंह, हवलदार कमर सिंह, हवलदार मोहर सिंह आदि श्रद्धालुओं ने रविवार को जय जगदीश के जयकारों के बीच भगवान को पोशाक, मेवा मिष्ठान, पंचमेवा, पूजन सामठाी आदि मंदिर में अर्पण की। इससे पहले डीजे व बैण्ड बाजो पर बज रहे भजनों पर नाचते गाते हुए कई गांवों के श्रद्धालु धर्मजुलुस के रूप में जगदीश धाम पहुंचे जिसमें कैमरी परिक्षेत्र के बारह गांवो के पंच पटेल व स्त्री पुरुष श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। धर्म जुलूस के जगदीश चौक पहुंचने पर मंदिर के महंत पं. मनोज शास्त्री, पं. हरिमोहन शास्त्री द्वारा उच्चारित वेदमंत्रों के बीच भगवान के अभिषेक के साथ ध्वज, पोशाक आदि का पूजन कर भगवान को पोशाक अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली की मंगल कामना की। इस दौरान जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना, कोषाध्यक्ष कैप्टेन शीशराम खटाना, सचिव रामविलास खटाना, ट्रस्ट एवं पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, हंसराज सरपंच, कप्तान सरपंच, शेरसिंह खटाना, सूबेदार नवलसिंह, विजयराम पटवारी, भूपेन्द्र खटाना, अतरसिंह, हव. कंवरसिंह, मोहरसिंह, ब्रह्मिसंह, सूबेदार विक्रम सिंह, जतन सिंह, पुष्पेन्द्र सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद लगाएगी अभिरुचि शिविर

**करौली**। भारत विकास परिषद शाखा करौली के द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु साप्ताहिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए रविवार को कार्यक्रम स्थल शाखा अध्यक्ष तुलसी दास गोयनका की अध्यक्षता में परिषद के कार्यकारिणी सदस्यों एवं महिलाओं के द्वारा तैयारी बैठक रखी गई। परिषद की महिला समन्वयक शुचि सिंहल ने बताया कि शिविर में दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा ढोलक वादन,डांस,मेहंदी,पेंटिंग,कर्सिव राइटिंग एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जावेगा। शिविर 27 मई से प्रारंभ होकर 2 जून तक सांय 4:00बजे से 6:00 बजे तक नियमित रूप से संचालित होगा। कार्यक्रम संयोजक मंजुलता गोयल रहेंगी जबकि सह संयोजक अनीता गुप्ता रहेंगी। शिविर संयोजक मंजू लता गोयल ने बताया कि इस शिविर में बालिकाओं एवं महिलाओं के अलावा 10 वर्ष की आयु तक बालक भी भाग ले सकते हैं। पंजीयन हेतु इच्छुक सदस्य 9461152609, 9799977789, 9468577061 पर फोन करके पंजीयन करवा सकते हैं। पंजीयन शुल्क रुपए 50 प्रति विधा रखा गया है। बैठक में प्रांतीय पर्यावरण प्रभारी सीताराम शर्मा एडवोकेट,प्रांतीय आई टी प्रभारी योगेन्द्र सिंहल, शाखा सचिव दिनेश सेठी,कोषाध्यक्ष गोविंद लोहे वाले,सह सचिव विजय गुप्ता,संपर्क समन्वयक अखिलेश गुप्ता,हिमांशु मित्तल,राजेंद्र अठावाल,गिरधारी गुप्ता,रेणुबाला गुप्ता, सुनीता बंसल,सुनीता अठावाल एवं सुनीता गुप्ता उपस्थित रहे।

### ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

**हिंडौन सिटी**। ब्राह्मण महासंघ जिला करौली के जिला अध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा और जिला प्रभारी महेश पाराशर की अनुशंसा व प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय उर्फ बंटू नेता की सहमति से जिला महामंत्री सत्यनारायण महेरा द्वारा जिला करौली ब्राह्मण महासंघ संगठन में ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक महामंत्री के पदों पर नियुक्तियां दी गई है। जिसमें सूरौठ ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रामनिवास शर्मा खेड़ी हैवत एवं महामंत्री पद पर रमन कटारा सोमली को नियुक्त किया है। इसी तरह श्रीमहावीर जी ब्लॉक अध्यक्ष शिवदत्त शर्मा और महामंत्री विजयकृष्ण शर्मा, गुढ़ाचंद्रजी ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा और महामंत्री आशुतोष शर्मा, टोडाभीम ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा (डीड राइटर) और महामंत्री रमेश हरदेनिया, मेहंदीपुर बालाजी ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश शर्मा, हिंडौन ब्लॉक अध्यक्ष रविकांत शर्मा और महामंत्री नरेंद्र शर्मा, मासलपुर ब्लॉक अध्यक्ष बालकृष्ण शुक्ला और महामंत्री दीनदयाल कौशिक, कैलादेवी ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश शर्मा और महामंत्री सुरेश चंद शर्मा खोहरी, सपोटरा ब्लॉक अध्यक्ष चेतन शर्मा और महामंत्री टीकम पाराशर, कुड़गांव ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश शास्त्री मंडावरा और महामंत्री राजेश पाराशर, मण्डरायल ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पंडा और महामंत्री महेश शर्मा, महू अट्ठाईसा परिक्षेत्र ब्लॉक अध्यक्ष रामअवतार शर्मा पाली और महामंत्री विष्णु दयाल शर्मा बेरखेड़ा को नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त अध्यक्ष व महामंत्रियों को ब्राह्मण महासंघ एवं समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के लिए कहा गया है और 7 दिवस के अंदर अपनी ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन करने के निर्देश दिए हैं।

### निशुल्क बी एम डी जांच शिविर का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। भारत विकास परिषद लोहागढ़ शाखा द्वारा श्री गिर्राज आरोग्य सेवा समिति कार्यालय नेहरू नगर में निशुल्क बी एम डी जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सिविल न्यायाधीश एवं ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट राजीव जिंदल खाटू श्याम मंदिर महंत रोहित महाराज भागवत कथा प्रवक्ता विजय बहिन एवं राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय के उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सिविल न्यायाधीश राजीव जिंदल ने कहा कि शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में जीवन शैली एवं खान-पान में संतुलन रखना जरूरी है उसी तरह समाज को स्वस्थ बनाए रखने हेतु एक दूसरे के प्रति सहयोग और सहानुभूति के साथ समरसता का भाव बनाए रखने की बात कही। उन्होंने मानसिक रूप से स्वस्थ बने रहने के लिए अच्छी सोच और सहयोग की सलाह दी। कथा प्रवक्ता कार्षिणी संत विजया साध्वी ने इस अवसर पर मानसिक रूप से बढ़ती परेशानियों के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए ईर्ष्या द्वेष एवं क्रोध जैसे भावों से बचने की बात कही। खाटू श्याम मंदिर महंत रोहित महाराज ने आमजन के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करते हुए गरीब एवं जरुरतमंद लोगों की सहायता हेतु ऐसे निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने की सलाह दी। शिविर समन्वयक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित द्वारा हड्डियों के कमजोर होने में अनियमित खान-पान एवं फास्ट फूड एवं ऋतुओं के अनुसार खान-पान न करने एवं योग व्यायाम न करने की वजह बताते हुए नियमित हरी पत्तेदार सब्जियां फल एवं ऋतुओं के अनुसार खान-पान रखते हुए प्रतिनिधि योग व्यायाम करने की सलाह दी। शिविर में सौ से अधिक लोगों द्वारा निशुल्क बी एम डी जांच करवाई गई जिनमें 80 से अधिक लोगों को ओस्टियोपोरोसिस एवं ओस्टिपीनिया की शिकायत पाई गई। शिविर में सभी अतिथियों का स्वागत भारत विकास परिषद सचिव जितेंद्र जैन मनीष शर्मा लखन शर्मा धूतपापेश्वर कंपनी प्रतिनिधि हरिओम भारद्वाज वैभव उपमन गिर्राज आरोग्य समिति अध्यक्ष नेमीचंद शर्मा द्वारा किया गया। सभी का आभार व्यक्त ईश्वर चन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

### शिक्षक संघ सियाराम की संभाग स्तरीय बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी**। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की महत्वपूर्ण बैठक दयाल नगर स्थित संभाग मंत्री कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री भरतपुर संभाग सोहनलाल गुप्ता ने की। बैठक में मार्च 2०25 के बाद सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के एसआई पॉलिसी भुगतान में देरी का मुद्दा उठा। व्याख्याता से उपप्रधानाचार्य की लंबित पदोन्नति को जल्द पूरा करने की मांग की गई। बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का पारिश्रमिक बढाने पर भी चर्चा हुई। महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए योग्य शिक्षकों को जुलाई से पहले पदस्थापन की मांग रखी गई। प्रवेश प्रक्रिया को ऑफलाइन करने का प्रस्ताव रखा गया। गर्मी की छुट्?टी और रविवार को परीक्षा ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को उपार्जित छुट्?टी का लाभ देने की मांग की गई। शिक्षक एप से उपस्थिति दर्ज करने में ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या को लेकर चिंता जताई गई। सूर्य घर योजना के तहत स्कूलों में रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने की मांग की गई। तृतीय श्रेणी अध्यापकों के ट्रांसफर, विशेषकर एकल महिला अध्यापिका और विशेष परिस्थितियों वाले शिक्षकों के ट्रांसफर की मांग रखी गई।